तापमान
अधिकतम 22.3 डिग्री
न्यूनतम 7.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 26 दिसंबर 2023

12 सुशासन दिवस पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन



12 प्रभू यीशू ने दिया मानव जाति को खुश रहने और सेवा का संदेश



## खबर संक्षेप

### सुसरालियों पर मारपीट का केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के राज नगर निवासी विवाहिता को उसके सुसराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया है। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति पंकज निवासी मोहनपुरा, गंगोह, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश, सुसर महिपाल, सास रोशनी देवी, ननदों प्रांची व बावी के खिलाफ दहेज एक्ट समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री का कुरुक्षेत्र दौरा आज

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 26 दिसंबर को कुरुक्षेत्र का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल मंगलवार को सुबह 11 बजे गुरुद्वारा छटी पातशाही कुरुक्षेत्र में पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के कुरुक्षेत्र दौरे को लेकर अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई है और इस दौरान सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। एडीसी अखिल पिलानी व पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया ने सोमवार को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर गुरुद्वारा छटी पातशाही का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंधों का जायजा लिया।

### किशोरी को ले जाने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी मे दर्ज किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी शिवम उर्फ शिबू को गिरफ्तार किया है। किशोरी के पिता ने 23 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी शिवम उर्फ शिबू उसकी 16 वर्षीय बेटी को विवाह के उद्देश्य से बहला फुसलाकर ले गया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### शराब की खेप के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** थाना किला पुलिस टीम ने वार्ड नंबर 11 वाल्मीकि चौपाल के नजदीक धीरज पुत्र सुरेंद्र के घर से 291 बोतल अवैध देसी व अंग्रेजी शराब व 24 बोतल बीयर बरामद की गई। थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर ने बताया कि रविवार को थाना किला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। वहीं, पुलिस ने धीरज से मिली जानकारी के बाद शराब तस्करी में उसके साथ तरूण पुत्र सतीश निवासी वार्ड नंबर 11 रानी महल को भी गिरफ्तार किया।

### 60 हजार को मिलेगी नौकरी

**पानीपत।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को गाुव अलुपुर व भंडारी गांव मे जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राज्य सभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने कहा कि अगले 6 महीने में 60 हजार सरकारी नियुक्तियां की जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पढ़ी-लिखी पंचायतो का कानून बनाकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

# घना कोहरा छाया रहने से सर्दी से ठिठकी जीवन की रफ्तार

- मौसम में ठंडक बढ़ने से न्यूनतम तापमान घटकर पहुंचा 6 डिग्री सेल्सियस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में दो दिन आसमान साफ रहने के बाद सोमवार को फिर घना कोहरा छा जाने से मौसम में ठंडक बढ़ गई। जिससे जिले का तापमान गिरकर मात्र छह डिग्री सेल्सिय पर पहुंच गया। जबकि अधिकतम तापमान मात्र 22 डिग्री सेल्सियस रह गया। कामकाजी लोग पूरा दिन गर्म कपड़े से लिपटे हुए काम करते नजर आए। वहीं बच्चे व बुजुर्ग दोपहर तक घरों में दुबके रहे।

सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। बामुश्किल वाहन चालक अपने गंतव्य पर पहुंचे। राहत की बात यह रही कि धुंध की वजह से जिले में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। खासकर जिले के रादौर व जठलाना क्षेत्र में कोहरे की वजह से ज्यादा जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। आलम यह रहा कि शाम तक सूर्य देव घने कोहरे की चादर से बाहर निकलने का प्रयास ही करते रहे। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले एक सप्ताह तक ठंड कम होने के आसार नहीं हैं।

## शहर में पांच रैन बसेरे, ठंड में फुटपाथ पर रात गुजार रहे जरुरतमंद

**कुरुक्षेत्र।** रात को अकड़ा देने वाली सर्दी पड़ने लगी है। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर रहा है। बावजूद इसके लोगों को अभी भी खुले आसमान क नीचे फुटपाथ पर रात गुजारनी पड़ रही है। कहने को जिला प्रशासन की ओर से राहगीर और बेसहारा लोगों के लिए अलग-अलग जगहों पर पाच रैन बसेरों की व्यव्स्था की गई है लेकिन असलियत कुछ और ही बयां कर रही है। प्रशासन की ओर से रेलवे स्टेशन के समीप आरओबी के नीचे, पुराना बस अड्डा, ब्रह्मसरोवर अर्जुन चौक, सन्निहित सरोवर पर लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप व ब्रह्मसरोवर नजदीक दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पास स्थापित किए गए। रखरखाव के अभाव में जहां अर्जुन चौक व पुराना बस अड्डा के पास बनाए रैन बसेरे बदहाल हो चुके हैं। हालांकि बाकी तीनों की स्थिति ठीक है लेकिन ये पर्याप्त नही है। दिसंबर माह बीतने को है इसके बावजूद आज तक प्रशासन इन्हें दुरूस्त नहीं करवा पाया है।



**कुरुक्षेत्र।** रखरखाव के अभाव में बदहाल पड़ा रैन बसेरा।



यमुनानगर में सोमवार को घना कोहरा में सड़कों पर रेंगते हुए वाहन व दोपहर बाद भी कोहरे की चादर से बाहर निकलने का प्रयास करता हुआ सूर्य देव।

### तापमान में आई गिरावट

जिले में सोमवार को दोपहर तक घना कोहरा छाया रहने और शीतलहर चलने से तापमान गिरकर अधिकतम 22 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### बच्चों व बुजुर्गों को सर्दी लगी जकड़ने

घना कोहरा पड़ने व मौसम में बढ़ रही ठंड से बच्चे व बुजुर्ग निमोनिया, खांसी और बुखार की चपेट में आने लगे हैं। बच्चों के अस्पतालों में छोटे बीमार बच्चों की संख्या बढ़ रही है। वहीं, बुजुगों को शरीर में अकड़न व सांस लेने में दिक्कत महसूस होने लगी है। अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने ठंड के मौसम में बुजुर्ग अपने खानपान में ध्यान बरतें व बाहर निकलते समय हाथों में दस्तानें व गर्म वस्त्र पहन कर रहें। इसके अलावा पानी उबाल कर पिएं।

## पीजीआई की तर्ज पर जिले को मिला करोड़ों का मेडिकल कॉलेज व पांच मंजिला अस्पताल

# करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात के लिए वर्षों तक याद रहेगा वर्ष 2023

रेलवे मार्ग पर दो अंडर पास व एक मिला ओवरब्रिज, कई राज्यों का सफर आसान करने के लिए बना कैल से पांवटा साहिब नेशनल हाईवे मार्ग





**यमुनानगर।** शहर के बीच से गुजर रहे रेलवे मार्ग पर बने अंडरपास में से गुजरते लोग व शहर में करोड़ों रुपये की लागत से बना पांच मंजिले नागरिक अस्पताल का नया भवन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वर्ष 2023 की अब छह दिन बाद विदाई होने वाली है। मगर यह वर्ष लंबे अर्से तक जिलेवासियों के लिए करोड़ो रुपये की विकास परियोजनाएं के मिलने के लिए सुखद माना जाता रहेगा। इस वर्ष में जिलेवासियों को जहां करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रहे गुरु तेग बहादुर सिंह मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है। वहीं, शहर के बीचों बीच सहारनपुर-अंबाला रेलवे मार्ग पर दो अंडरपास, एक ओवरब्रिज, दो सौ बिस्तरीय जिला नागरिक अस्पताल का भवन और कैल से पांवटा साहिब तक नेशनल हाईवे की सौगात मिली है। जिससे जिलेवासियों को काफी लाभ पहुंचा है।

### ट्रेन हादसों व जाम से मिला छुटकारा

शहर के बीचों बीच गुजर रहे सहारनपुर-अंबाला रेल मार्ग पर हर वर्ष सैंकड़ो लोगों की ट्रेन की चपेट में आने से जान चली जाती थी। जिसे देखते हुए वर्ष 2023 में हरियाणा सरकार के प्रयासों से रेलवे विभाग द्वारा गांधीनगर व जमना गली पर पड़ने वाली रेलवे क्रासिंग पर करोड़ों रुपये की लागत के दो अंडर पास बनाए गए हैं। वहीं, शहर के पुराने रादौर मार्ग पर रेलवे मार्ग स्थित क्रासिंग पर करोड़ों रुपये की लागत से ओवरब्रिज का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने को है। इसके बनने से शहर में आए दिन लगने वाले जाम व रेलवे मार्ग पर होने वाले हादसों से लोगों को छुटकारा मिलेगा।

### 997 करोड़ की लागत से बन रहा मेडिकल कालेज

लंबे अर्से से जिले में पीजीआई की तर्ज पर मेडिकल कॉलेज के बनाए जाने की मांग हो रही थी। जिसे हरियाणा सरकार ने पूरा करते हुए गांव पांजुपुर में 997 करोड़ रुपये की लागत से श्री गुरु तेग बहादुर सिंह के नाम से राजकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस मेडिकल कॉलेज का करीब डेढ़ महीने पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भूमि पूजन करके शुभारंभ किया। जिसका निर्माण कार्य युद्धस्तर पर शुरु हो चुका है और यह जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। इस मेडिकल कॉलेज से जिले समेत आसपास के जिलों व राज्यों के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा।

### नागरिक अस्पताल को मिला पांच मंजिला भवन

हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2023 में जिला के नागरिक अस्पताल के दो सौ बिस्तरीय पांच मंजिले नए भवन की सौगात दी है। इस पांच मंजिले अस्पताल के भवन पर 105 करोड़ रुपये की लागत आई है। इस अस्पताल के जर्जर हालत हो चुके भवन को तोड़कर नए भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2020 में शुरु किया गया था।

### कैल से पांवटा साहिब नेशनल हाईवे की मिली सौगात

हिमाचल व हरियाणा समेत अन्य राज्यों को जोड़ने वाले कैल से पांवटा सहिब तक नेशनल हाईवे की सौगात भी वर्ष 2023 में जिलेवासियों को मिली है। इस नेशनल हाईवे के बनने से कई राज्यों के लोगों का सफर आसान हो गया है। इस नेशनल हाईवे पर करोड़ों रुपये खर्च हुए हैं। इसके अलावा इस वर्ष में जिलेवासियों को शहर के जोड़िया से विश्वकर्मा चौक तक जर्जर हो चुके मार्ग को 7.43 करोड़ रुपये खर्च करके सीसी रोड बना दिया गया है। वहीं, शहर के महाराणा प्रताप चौक से विष्णुनगर तक खस्ता हाल हुए मार्ग का पीडब्ल्यूडी ने 3.52 करोड़ रुपये से नवीनीकरण किया गया है।

## हरियाणा योग आयोग 12 से 12 फरवरी तक चलाएगा सूर्य नमस्कार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा योग आयोग की बोर्ड मीटिंग होटल पर्ल मार्क में हरियाणा योग आयोग के कर्मठ, संकल्पित एवं ऊजार्वान चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। आयोग के वाइस चेयरमैन डॉ रोशन लाल योगाचार्य, रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार, प्रथम रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र व आयोग के सदस्यों के अतिरिक्त विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में एससीई आरटी से सुनील बजाज, पुलिस विभाग से डीएसपी. कुरुक्षेत्र, खेल विश्वविद्यालय, राई, सोनीपत से योगेश सहित कुरुक्षेत्र की स्थानीय योग संस्थाओं के प्रतिनिधि इत्यादि भी उपस्थित हुए। बैठक में हरियाणा योग आयोग के आयुष विभाग में लम्बित कार्यों को लेकर चर्चा की गई एवं आयोग के अन्य कार्यों के एजेंडे पर भी विस्तृत चर्चा हुई। चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य ने बताया कि इस वर्ष आयोग द्वारा पूरे प्रदेश में प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने आगे बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोग द्वारा 12 जनवरी से 12 फरवरी 2024 तक सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जा रहा है। पिछले वर्ष आयोग द्वारा 75 लाख सूर्यनमस्कार करवाने का लक्ष्य रखा गया था और वास्तव में इस संख्या से 10 गुना से भी अधिक सूर्य नमस्कार प्रदेश वासियों द्वारा किए गए।



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा योग आयोग की कुरुक्षेत्र में आयोजित बोर्ड बैठक को संबोधित करते आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य।

### टेनिस चैंपियनशिप में चमकी करनाल की शैरी



**करनाल।** पंजाब टेनिस एसोसिएशन की ओर से आयोजित एआईटीए चैंपियनशिप में करनाल की युवा खिलाड़ी शैरी ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए तीन फाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज की। इस चैंपियनशिप का आयोजन रूटस टेनिस अकादमी जीरकपुर में किया गया था। शैरी के पिता जे.के. शर्मा ने बताया कि लड़कियों के अंडर-16 आयु वर्ग के फाइलन मुकाबले में शैरी ने तमिनलाडु की आदि को मात दी। अंडर-18 आयु वर्ग में पंजाब की तमन्ना वालिया को हराया। अंडर-18 आयु वर्ग के युगल फाइनल मैच में भी शैरी ने जीत दर्ज की। उन्होंने बताया कि दिसंबर माह में शैरी ने वल्ड रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। जनवरी में वह अंडर-16 और अंडर-18 आयु वर्ग की टॉप टेन खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो जाएंगे।

## सोते समय किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी ने हाथ पांव बांधकर वारदात को दिया अंजाम

- कुरुक्षेत्र की थानेसर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पंजोखरा पुलिस को भेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एक किशोरी से युवक ने सोते समय दुष्कर्म की वारदात का अंजाम दिया। किशोरी का आरोप है कि वारदात से पहले आरोपी ने उसके हाथ पांव बांध दिए थे। इसी वजह से वह विरोध नहीं कर पाई। किशोरी अपने पिता के साथ रह रही है। जबकि पति से विवाद होने की वजह से उसकी मां अपने मायके गई हुई है। किशोरी ने कुरुक्षेत्र जाकर अपनी मां को यह बात बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी किशोरी का ही रशितेदार ही बताया जा रहा है। मां ने बताया कि ससुरालियों द्वारा मारपीट कर घर से निकालने की वजह से वह सितंबर माह से अपने मायके कुरूक्षेत्र में रह रही है। उसकी 14 साल की बेटी अपने पिता के साथ अंबाला में रहती थी। महिला ने बताया कि उसके मायके में आने के 5-6 दिन बाद उसकी बेटी घर पर शाम 7 बजे दूध गर्म कर रही थी। इसी बीच नवनीत सिंह नाम का युवक आया और उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने बताया कि जब उसकी बेटी ने यह बात अपने दादा, चाचा, चाची व पिता को बताई तो घर में लड़ाई-झगड़ा हुआ। मामला बढ़ता देख उसकी चाची नवनीत सिंह को लेकर अपने मायके चली गई थी। कुछ दिन बाद उसकी चाची फिर नवनीत को लेकर वापस आ गई। उसकी बेटी अपनी बहन के साथ दोपहर को सोई हुई थी। इस बीच, नवनीत आया और उसकी बेटी के हाथ-पांव बांध दिए। उसके बाद आरोपी ने उसकी बेटी के साथ गलत हरकत करने लगा।

## शहीदी जोड़ मेले को लेकर निकाला नगर कीर्तन

- मुख्य बाजारों के साथ कई चौक से होकर गुजरा कीर्तन, जगह-जगह लोगों ने टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

- गतका पार्टी ने दिखाए जोहर

गुरू गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह व माता गुजर कौर की शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। गुरुद्वारा बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह दोसडक्का की प्रबंधक कमेटी के साथ क्षेत्र की संगत के सहयोग से आयोजित नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाने के लिए प्रसद्धि रागी जत्थों ने हस्सिा लिया। पांच प्यारों की अगुवाई तथा श्री गुरू ग्रंथ साहिब की छत्रछाया में निकाले गए इस नगर कीर्तन में ह्यबाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह इंटरनेशनल गतका अखाड़ाह्न गांव नलवी ने जहां अपने जौहर दिखाए। विभन्नि स्कूलों के बच्चों ने गुरबाणी का गायन करते हुए नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाई। नगर कीर्तन सुबह 10 बजे गुरुद्वारा बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह दोसडक्का से शुरू होकर दोसडक्का चौक, होली बस स्टैंड, बंसल पैलेस, बराड़ा , हरगोबिंदपुरा, प्रीतनगर, मुख्य बाजार से होता हुआ शाम लगभग 6 बजे 6 किलोमीटर का रास्ता तय कर गुरूद्वारा श्री गुरू तेग बहादुर साहिब में पहुंचकर संपन्न हुआ। रास्ते में लोगों ने पालकी में सजे श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी पर फूलों की वर्षा की तथा पीछे-पीछे संगत गुरबाणी का गायन कर रही थी।





**बराड़ा।** नगर कीर्तन में गतका अखाड़ा में जौहर दिखाते सिंह व फूलों से सजी पालकी में सुशोभित गुरू ग्रंथ साहिब ।

## सीआईए ने चूरापोस्त की खेप पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीआईए वन ने चूरापोस्त की बड़ी खेप जब्त की है। इस सिलसिले में पुलिस ने एक ट्रक चालक को भी काबू किया है। अब पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। दरअसल सीआईए वन को सूचना मिली थी कि एक ट्रक चालक चूरापोस्त की खेप लेकर आ रहा है। पिछले काफी समय से वह चूरापोस्त की सप्लाई कर रहा है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी लेनी शुरू कर दी है। जांच के दौरान सीआईए ने थाना नग्गल एरिया में मोहाली के गांव खेड़ा ब्लॉक माजरी के आरोपी जसवद्रिं उर्फ जस्सा को काबू किया।

इसके बाद पुलिस ने उसके ट्रक की तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से साढ़े 18 किलोग्राम चूरा पोस्त जब्त किया गया। नग्गल थाना एरिया के नडियाली मोड के पास पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को काबू करने की कार्रवाई की। अब पुलिस रिमांड के जरिए आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है।





**अंबाला।** चूरापोस्त तस्करी के आरोप में सीआईए के हत्थे चढ़ा आरोपी।

### ज्वैलर्स से 20 लाख की ठगी करने वाला गुजरात से गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने नीलम पत्नी गणेशदास वर्मा निवासी रामनगर, तहसील कैंप, पानीपत को कम कीमत पर सोना दिलवाने के झांसे में लेकर 20 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के दूसरे आरोपी को शनिवार देर शाम गुजरात के वडोदरा से गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की। आरोपी की पहचान अरूण उर्फ विष्णु निवासी प्रताप नगर वडोदरा गुजरात के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को यायालय में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया और आरोपी की निशानदेही पर डेढ लाख रूपये बरामद किए।

### किसान का हाथ गलती से मशीन की चपेट में आ गया

# डॉक्टरों ने किसान का कटा हुआ हाथ रीइम्प्लांट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

उन्नत माइक्रोसर्जिकल तकनीकों का इस्तेमाल कर डॉक्टरों ने ऊना के किसान के कटे हुए बाएं हाथ को सफलतापूर्वक रीइम्प्लांट करने में सफलता पाई । किसान का हाथ गलती से मशीन की चपेट में आ गया और उसका बायां हाथ कट कर अलग हो गया। उसकी दर्द भरी चीखें सुनकर परिजन मदद के लिए दौड़े। उसे तुरंत कटे हुए हाथ के साथ आईवीवाई अस्पताल होशियारपुर ले जाया गया यहाँ प्लास्टिक और रीकन्स्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. सुमित तूर और एनेस्थेटिक डॉ. मनप्रीत कौर व डॉ. हरप्रीत सिंह की टीम ने हाथ के रीइम्प्लांट के लिए उन्नत माइक्रोसर्जिकल तकनीकों का इस्तेमाल किया। डॉ. तूर ने ब्लड वेसल्स, नर्व, टेंडन, हड्डियों और टिश्यू को फिर से रीकनेक्ट किया।डॉ. तूर ने कहा, "दर्दनाक अंग-विच्छेदन वाले मरीजों को अक्सर महत्वपूर्ण शारीरिक और भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। समय पर रीइम्प्लांट अंग हानि में नई आशा ला सकता है। उन्होंने आगे बताया कि कटे हुए हिस्से का संरक्षण और इसे समय हॉस्पिटल लाना री-इम्प्लांटेशन सर्जरी के महत्वपूर्ण पहलू हैं। उन्होंने कहा कि बुरी तरह से क्रश इंजरी री-इम्प्लांटेशन के लिए उपयुक्त नहीं हो सकती हैं, लेकिन ऑस्टियोप्लास्टिक रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी से हाथ को बचाया जा सकता है।



खबर संक्षेप

## चोरों ने घर से नकदी व लाखों के आभूषण चुराए

**यमुनानगर।** शहर की शांति कॉलोनी में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर एक लाख 10 हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शांति कालोनी निवासी जोनी कांबोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बूडिया चौक पर आढ़त की दुकान है।

## थर्मल से स्क्रैप चोरी कर रहे युवक को दबोचा

**यमुनानगर।** गांव पांसरा स्थित सर दीन बंधू छोटू राम थर्मल पावर प्लांट की दीवार तोड़कर स्क्रैप चोरी कर रहे युवक को केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों ने दबोच लिया। जांच के दौरान आरोपी से 10 किलो स्क्रैप मिली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थर्मल पावर प्लांट के आरक्षक पंकज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात को केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान थर्मल प्लांट में गश्त कर रहे थे।

## समाज कल्याण सेवा समिति के शिविरों का समापन

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता समारोह में सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा स्टॉल नंबर 749 पर लगाए गए शिविर का समापन हो गया। समापन अवसर पर स्टॉल पर समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया।

## प्रफुल्लित संस्कारशाला कार्यशाला का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के सामाजिक प्रकल्प मंथन सम्पूर्ण विकास केन्द्र द्वारा हरियाणा के कुरुक्षेत्र में प्रफुल्लित संस्कारशाला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विलक्षण कार्यशाला में हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 400 बच्चो ने भाग लिया। गणेश वंदना के साथ संस्कार शाला का शुभाम्भ किया गया।

### शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने ग्रामीणों को दिलाई विकसित भारत की शपथ

# जगाधरी के गांव पंजेटो व राम खेड़ी में संकल्प यात्रा का किया स्वागत

यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** यमुनानगर के गांव पंजेटो में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए शिक्षा मंत्री कंवरपाल। *फोटो : हरिभूमि*

विकसित भारत संकल्प यात्रा का सोमवार को जगाधरी के पंजेटो व राम खेड़ी में पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया और ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया। मौके पर शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलवाई और उनकी समस्याएं सुनकर समाधान किया। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। अंतिम व वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्र है। सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को वरीयता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं था। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र का विकास है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पिछले नौ साल से निरंतर गरीबों के हक के लिए न केवल संघर्षरत हैंए बल्कि उन्होंने प्रदेश में ऐसी योजनाएं लागू भी की हैंए जिन्हें गरीब हितकारी कहा जा सकता है। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि सरकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीबों का है। सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बनेंगी। समाज उतना ही सुखी होगा। प्रदेश सरकार ने किसानों को उचित दर पर गुणवत्ता प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। मौके पर कार्यक्रम में कई लोगों की बुढ़ापा पैंशन बनाई गई और कई लोगों के बीपीएल कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर एसडीएम बिलासपुर जसपाल सिंह गिल, फूड सप्लाई इंस्पेक्टर सविता,पंचायत अधिकारी विकास कुमार, सरपंच सुजीत कुमार व ब्लॉक समिति मेंबर अनिल कुमार आदि मौजूद थे।



## भौतिक सुख पाने के लिए भूलने लगा मानव: शास्त्री

- जगाधरी में चल रही श्रीराम कथा में सुनाया श्रीराम चरित्र का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के जगाधरी क्षेत्र स्थित शिव मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन सोमवार को कथाव्यास हरिद्वार से पधारे जयदेव शास्त्री ने श्रीराम चरित्र के महत्व से अवगत करवाया।

उन्होंने फरमाया कि श्रीराम चरित्र का अनुसरण करने से ही राष्ट्र व स्वयं की प्रगति संभव है। कथाव्यास जयदेव शास्त्री ने फरमाया कि हनुमान का अर्थ है जो अपने मान-सम्मान दोनों के जीत लेता है तथा यश-अपयश में सम रहता है। उन्होंने कहा कि श्रद्धाहीन व्यक्ति आत्मसुख से वंचित रह जाता है। श्रीराम व हनुमान का चरित्र तर्क-वितर्क नहीं अपितु श्रद्धा विश्वास के साथ हृदयगम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरूषों की जीवनी हमारे धर्म कर्तव्य एवं नैतिक मूल्यों की बोधकारक है। लेकिन आज के भौतिक युग की अंधी दौड़ में मनुष्य अपने कर्तव्य धर्म से विमुख होता जा रहा है। ऐसे में श्रीराम चरित्र ही हमें जीने की कला सिखाता है। मौके पर भजनों के माध्यम से श्रीराम चरित मानस की चौपाइयां सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पडिंत सुरेश शर्मा, बनारसी दास, पवन कुमार, हरि सिंह, नरेश, देवराज, राजबीर सिंह, शिव कुमार आदि मौजूद थे।

## शिविर में 180 बच्चों और लोगों का जांचा स्वास्थ्य

- कुंजन जनसेवा समिति द्वारा लगाया गया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वयंसेवी संस्था कुंजन जनसेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को शहर के स्लम एरिया के लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 180 सलम एरिया के बच्चों व लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में शहर के वरिष्ठ समाजसेवी सुरजीत सिंह ने भाग लिया। उन्होंने भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में डॉ. अशोक कुमार व डॉ. रोहित ने मरीजों के स्वास्थ्य, फेफड़ों व दांतों की जांच की। चिकित्सकों ने बताया कि शिविर में ज्यादातर बच्चे खांसी, जुकाम, बुखार से पीड़ित मिले। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही स्लम एरिया के 25 बच्चों के दांतों की जांच की गई। जिसमें से 20 बच्चों के दांत खराब मिले। दांतों में कीड़ा लगा हुआ था। इस दौरान बच्चों को बुरश व टूथपेस्ट वितरित किए गए। डॉ. अशोक ने बताया कि स्लम एरिया के बच्चे सफाई की तरफ ध्यान नहीं देते। अभी भी स्लम एरिया में दांतों को साफ करने के लिए कोयले की राख का इस्तेमाल करते हैं।

## बाइक सवारों ने मजदूर से छीना मोबाइल

**यमुनानगर।** जगाधरी के गौरी शंकर मंदिर के पास बाइक सवार युवकों ने फैक्टरी में काम करने वाले मजदूर से मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मित्तल कॉलोनी जगाधरी निवासी राजेश राय ने बताया कि वह मित्तल फैक्ट्री में कार्य करता है। शाम को वह फैक्ट्री से काम खत्म कर वह घर लौट रहा था। तभी उसके मोबाइल पर उसके जानकार का फोन आया। वह जेब से मोबाइल निकालकर बात करने लगा। जब वह गौरी शंकर मंदिर के पास पहुंचा तो बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। आरोपियों ने आते ही उसका मोबाइल झपट लिया और मौके से फरार हो गए।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई

- विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें अर्पित किए श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**रादौर।** यमुनानगर के गांव खेड़ी लक्खासिंह में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर नमन करते कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धापुर्वक मनाई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री जगदीश मेहता के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती जठलाना में मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किय।

मौके पर मोर्चा महामंत्री जगदीश मेहता ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया। प्रधानमंत्री के तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में फैले भ्रष्टाचार को दूर करने के प्रयास किए। उनके समय में कारगिल युद्ध लडा गया। जिसमें भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। वर्ष 2014 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गौरव बंसल, सुरेंद्र वर्मा, योगराज कांबोज, जोगिंद्र, अश्वनी जिंदल, दलबीर, लक्की, अत्तरचंद, पवन, राजीव बंसल व ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे। भाजपा द्वारा कस्बा रादौर में कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी व विवेक कुमार ने भाग लिया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि भेंट की। संदीप सैनी व विवेक गुंदल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी कुशल राजनीतिज्ञ के अलावा हिंदी के जाने माने लेखक, कविए पत्रकार व साहित्यकार रहे हैं। जिन्होंने अपनी लेखनी से समाज को जागरूक करने का काम किया है। 1957 में वह पहली बार सांसद बने।

## सूशासन का मूलमंत्र, घर बैठे मिले लोगों को योजनाओं का लाभ

- हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने जिला सचिवालय में सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में लिया भाग
- सुशासन दिवस पर जिला सचिवालय के सभागार में आंगनवाड़ी वर्करों को वितरित किए एंड्रॉयड मोबाइल फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी वर्कर्स को एंड्रायड मोबाइल वितरित करते शिक्षा मंत्री कंवरपाल। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि लोगों को घर बैठे सरकारी योजनाओं को लाभ सुगमता से पंहुचे ये ही सुशासन का मूलमंत्र है। हरियाणा सरकार ने प्रदेश के लोगों को पारदर्शी तरीके से लाभ देने के लिए 56 विभागों की 582 योजनाओं को ऑनलाइन किया है। उन्होंने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के जन्म दिवस के उपलक्ष में सुशासन दिवस कार्यक्रम में उक्त शब्द कहे। मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने 20 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को एंड्रायड मोबाइल वितरित किए। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जिले के सभी 1286 आंगनवाड़ियों, सुपरवाइजरों व सीडीपीओ को यह मोबाइल वितरित किए जाएंगे। जिले में सरकार की तरफ से 1347 फोन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वण अटल बिहारी वाजपेयी व महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती की सभी को शुभकामनाएं दी। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि सही मायने में भारत विकसित देश जब बनेगा राजनेताओं के पास लोग काम लेकर आना बंद कर देंगे। लोगों के काम घर बैठे हों, उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी प्रधानमंत्री के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रदेश में परिवार पहचान पत्र से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। अब बिना किसी सिफारिश के घर बैठे बीपीएल कार्ड बन रहे हैं। पात्र लोगों की बिना किसी कार्यालय के चक्कर काटे बुढ़ापा पेंशन सहित अन्य पेंशन बन रही है। सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य की चिंता की है इसके लिए आयुष्मान योजना लागू की है। अब गरीब व्यक्ति इस योजना के तहत एक साल में 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य लाभ ले सकता है। इस कार्यक्त्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया।मंच का संचालन सुपरवाइजर वंदना ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया, सीईओ जिला परिषद नवीन आहूजा, जगाधरी के एसडीएम यश जालुका, नगराधीश पीयूष गुप्ता, संयुक्त सचिव नगर निगम नीलम मेहरा, एसई बिजली बोर्ड जेसी शर्मा व सिविल सर्जन डॉ. मंजीत सिंह आदि मौजूद थे।

## महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया

- जाट समाज द्वारा कैल के जाट चौक पर आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** कैल नेशनल हाईवे पर जाट चौंक पर आयोजित कार्यक्रम में महाराजा सूरजमल को श्रद्धांजलि भेंट करते समाज के लोग।

जाट समाज की ओर से सोमवार को महाराजा सूरजमल के 260 वें बलिदान दिवस के अवसर पर कैल नेशनल हाईवे स्थित जाट चौक पर चाय व पकोडों के लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। समाज के लोगों ने महाराजा सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि भेंट की। जाट समाज के संजू ताहरी व पुष्पेंद्र राठी ने बताया कि महाराजा सूरजमल भरतपुर रियासत के सम्राट थे। जिनका शासन हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व हिमाचल तक फैला हुआ था। उन्होंने अपने जीवन में 80 युद्ध लड़े और सभी में विजयी रहे। उन्होंने सभी धर्म को एक समान महत्व दिया। उनके शासनकाल में सभी धर्म के लोग आपस में मिलजुल कर तथा प्रेम से रहे। आज इसी भावना की आवश्यकता है जो समाज में आपसी धार्मिक भेदभाव फैला हुआ है। उसे दूर करने के लिए हमें महाराजा सूरजमल के शासनकाल से सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर शक्ति कैल, प्रधान जगीर सिंह दादूपुर, राहुल संधाय, सोनू संधाय, सचिन , गौरव जोगीवाड़ा, मुकेश देसवाल व होशियार सिंह सरपंच आदि मौजूद रहे।

## जूनियर एथलेटिक्स मीट में अनवी साढ़ौरा ने जीती छह सौ मीटर दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा रादौर में 14 व 16 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित की जिलास्तरीय जूनियर एथलेटिक्स मीट



डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को रादौर के नपा स्टेडियम में 14 व 16 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए जिलास्तरीय जूनियर एथलेटिक्स मीट व क्रास कंट्री चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी संदीप गर्ग व भाजपा युवा प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा ने किया। प्रतियोगिताओं का आयोजन ब्राइट फ्यूचर डिफेंस अकादमी के संचालक अमित चौहान कोच की देखरेख में किया गया। कोच अमित चौहान ने बताया कि लड़कियों की 16 आयु वर्ग में 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अनवी साढ़ौरा ने प्रथम, भावना रादौर ने द्वितीय व साक्षी जगाधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, लड़कियों की 16 आयु वर्ग में आयोजित पेंथालॉन प्रतियोगिता में वृंदा जगाधरी प्रथम, तानिया द्वितीय व ज्योति चौहान पालेवाला तृतीय स्थान पर रही। लड़कों के14 आयु वर्ग में आयोजित तरीथलॉन प्रतियोगिता में कृष्ण जगाधरी प्रथम, अभिनीत रादौर द्वितीय व तेजस तृतीय स्थान पर रहा। वहीं, लड़कों के 14 आयु वर्ग में आयोजित ज्वेलिन प्रतियोगिता में जगाधरी से रूद्र प्रताप सिंह प्रथम, लवप्रीत संधू द्वितीय व जतिन तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों की 14 आयु वर्ग में आयोजित ज्वेलिन प्रतियोगिता में नफीस छछरौली ने पहला, मेहर जगाधरी दूसरे व पाखी रादौर तीसरे स्थान पर रही। लड़कों के 16 आयु वर्ग में आयोजित हुडल प्रतियोगिता में यश करण जगाधरी प्रथम, आयुष रादौर द्वितीय व वंश जगाधरी तृतीय स्थान पर रहा। विजेता खिलाड़ियों को मुख्यातिथि ने मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि संदीप गर्ग व राहुल राणा ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

### श्रद्धालुओं ने मोमबतियां जलाकर प्रभु यीशु से की प्रार्थना

# गिरजाघरों व चर्चों में धूमधाम से मनाया क्रिसमस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** क्रिसमस पर्व पर गिरजाघर परिसर में कैंडल जलाकर यीशु मसीह को याद करते श्रद्धालु

जिले भर के गिरजाघरों व चर्च में सोमवार को प्रार्थनासभाएं आयोजित कर क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रभु यीशु के जन्मदिवस के अवसर पर क्रिस्चियन (ईसाई) समुदाय के लोगों ने केक काटा और एक दूसरे को बधाई दी। श्रद्धालुओं ने गिरजाघरों में मोमबतियां जलाकर प्रभु यीशु से प्रार्थना की। मौके पर श्रद्धालुओं ने भोज ग्रहण किया।

शहर के फव्वारा चौक स्थित चर्च तथा सीएनआई चर्च जगाधरी,नहर कॉलोनी स्थित चर्च व मंडौली स्थित गिरजाघर समेत जिले में स्थित सभी गिरजाघरों में सोमवार सुबह के वक्त प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभाओं में यीशु मसीह का शांति संदेश दिया गया। क्रिसमस को लेकर ईसाई समुदाय के अलावा अन्य समुदायों ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रार्थना सभाओं में हिस्सा लेकर खुशियां मनाई।

### क्रिसमस पर्व पर बच्चों का किया नामकरण

क्रिसमस पर्व पर अधिकांश ईसाईर् समुदाय के लोगों ने बच्चों के नामकरण भी किए। उन्होंने बच्चों को पादरी की गोद में दिया और उनके माता पिता से धार्मिक सवाल किए। इसके बाद एक कटोरे में रखे जल को पवित्र किया और उस जल से बच्चों पर तीन बार डाला। साथ ही उसके माथे पर क्रास बनाकर उसका नामकरण किया। चर्च के पादरी ने बधाई देते हुए कहा कि इस विशेष दिन का बड़े, बुजुर्ग और बच्चे सभी इंतजार करते हैं।

### यीशु ने दिया प्रेम से रहने का संदेश

सीएनआई चर्च के पादरी ने कहा कि प्रभु यीशु का इस जगत में आने का उद्देश्य सभी जाति के लोग आपस में मेल प्यार और सलामती के साथ अपना जीवन यापन करने का रहा। उन्होंने सभी को आपसी प्रेम प्यार से रहने का संदेश दिया।

इसके बाद ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु का भोज ग्रहण करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। इसके साथ ही प्रभु के जन्म दिन की खुशियां मनाने केलिए गीत और भजन गाए गए और लोगों ने परिवार के साथ केक काटकर खुशियां मनाई और एक दूसरे को बधाई दी। मौके पर प्रेम, सन्नी, बिमलेश, जयस्टर, रवीन व गगन आदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### किड्स प्लेनेट स्कूल का मनाया स्थापना दिवस

**कुरुक्षेत्र।** किडजी, किड्स प्लेनेट स्कूल सेक्टर:3 कुरुक्षेत्र में आज अपना 13 वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम वह हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने स्टाफ के सभी सदस्यों के साथ केक काटकर इस खुशी को सांझा किया। विद्यालय की सहसंचालिका सुनीता रानी और ज्योति खनेजा द्वारा विद्यालय की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया। स्कूल के निर्देशक परमिंदर सिंह बाठ ने बताया कि स्कूल समुदाय अपने समृद्ध, इतिहास, उपलब्धियों और शिक्षा के योगदान का सम्मान करने के लिए हमेशा आगे रहता है। हमारा विद्यालय विद्यालय ही नहीं एक ऐसी संस्कारशाला है, जहां लक्ष्य प्राप्ति के लिए पदाधिकारी ,शिक्षक, कर्मचारी व छात्र तत्पर रहते हैं।

### गुरु गोबिंद सिंह का बलिदान बताया

**पिहोवा।** गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों और माता गुजरी की शहादत को समर्पित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुरुक्षेत्र रोड में शहीदी समागम आयोजित किया गया। प्रधान बलदेव सिंह फौजी व जोगिंदर सिंह बेदी ने बताया कि समागम में राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने हिस्सा लिया। राज्य मंत्री ने संगत से रूबरू होते हुए कहा कि धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों और माता गुजर कौर ने अपनी शहादत दी। गुरु गोबिंद सिंह के बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की शहादत दी।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती दिवस पर सुशासन दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन

# सुशासन दिवस पर आंगनबाड़ी वर्कर्स को बांटे स्मार्ट फोन

**प्रदेश वासियों को जन सहायक, मेरा परिवार-मेरी सरकार, ग्रुप डी कर्मचारी ट्रांसफर पोर्टल सहित 4 ऐप की मिली सौगात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। आंगनबाड़ी वर्कर्स को स्मार्ट फोन वितरित करते राज्य मंत्री संदीप सिंह।



कुरुक्षेत्र। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर नमन करते भाजपा कार्यकर्ता।



लाडवा। वार्ड 9 में भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते डॉ. गणेश दत्त।

सुशासन दिवस पर प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने क्रिड की जन सहायक ऐप, मेरा परिवार-मेरी सरकार, डोनेशन फॉर सीएम रिलीफ फंड, सामान्य कैडर के ग्रुप डी के कर्मचारी के ट्रांसफर अभियान के पोर्टल की सौगात दी है। यह सौगात भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती दिवस पर दी गई है। अहम पहलू यह है कि जिला स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम में हरियाणा के मुद्रण एवं लेखन राज्यमंत्री संदीप सिंह व विधायक सुभाष सुधा ने आंगनवाड़ी वर्करों को स्मार्ट फोन की सौगात देने का काम किया है। इस कार्यक्रम में 7 शिक्षकों व मनरेगा के प्रोग्राम ऑफिसर को सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित भी किया है। जिला प्रशासन की तरफ से भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती दिवस पर सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय सुशासन दिवस का शुभारंभ राज्यमंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा, जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, नगराधीश हरप्रीत कौर, जजपा के जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाला ने हिंगाखेड़ी से आंगनवाड़ी वर्कर परमजीत, धीरपुर से जसवंत, सुंदरपुर से रविंद्र, कीर्ति नगर से सीमा, बकाली से रेखा, गादली से किरणा, झंडौला से गीता, बिंट से कुलवंत, त्यौड़ा से सुनीता, खेड़ा से इंद्रा, गढ़ी रोड़ान से कमलेश व रजनी को स्मार्ट फोन वितरित किया। इसी कार्यक्रम में राज्यमंत्री व विधायक ने नींव प्रोजेक्ट के तहत स्कूलों में शिक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर के विषय में सराहनीय कार्य करने पर नवोदय के प्रिंसिपल निरंजन सिंह, मनरेगा के प्रोजेक्ट आफिसर मनोज सोनी को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। राज्यमंत्री संदीप सिंह व विधायक सुभाष सुधा ने नींव प्रोजेक्ट के तहत ही हर ब्लॉक से एक-एक शिक्षक को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया, जिसमें बाबैन से संदीप कुमार, लाडवा के बकाली स्कूल से राजकमल, पिहोवा के डेरा बाजीगर स्कूल से मनोज कुमार, पिपली के कौलापुर स्कूल से श्रुति, शाहबाद के रावा स्कूल से सुनीता नारंग, थानेसर के डेरा प्रेम नगर स्कूल से आशीष सहारन तथा इस्माईलाबाद के लोटनी स्कूल से सतनाम सिंह शामिल है।इस कार्यक्रम से भी पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आनलाइन प्रणाली से प्रदेश वासियों को भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को लेकर आयोजित सुशासन दिवस की प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुशासन दिवस पर प्रदेश वासियों को 4 नए ऐप व पोर्टल की सौगात भी दी है। विधायक सुभाष सुधा ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सुशासन दिवस पर प्रदेशवासियों को 4 सौगात देने का काम किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से समाज के आम व्यक्ति को पोर्टल के माध्यम से घर बैठे तमाम योजनाओं का फायदा मिल रहा है। इस सरकार ने गरीब लोगों के दुख-दर्द को सुना और इन लोगों के दुखों को दूर करने के लिए योजनाएं तैयार की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही आज देश प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है और हर वर्ग सरकार की योजनाओं से खुश नजर आ रहा है। कार्यक्रम के मंच का संचालन डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर एनआईसी अधिकारी विनोद सिंगला, एडीआईओ भारती, जजपा नेता शेखर डोगरा, महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ नीतू रानी सहित सुपरवाईजर व आंगनवाड़ी वर्कर मौजूद थे।

### श्रंद्धा से याद किए पूर्व प्रधानमंत्री

*हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भाजपा सुशासन दिवस के रुप में बूथ स्तर पर मना रही है। इसी क्रम में सैक्टर 2 पर भाजपा कार्यकताअरं ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें याद किया। लोकसभा निगरानी कमेटी के संयोजक व मुख्य वक्ता धर्मवीर डागर ने कार्यकताअरं को संबोधित करते हुए कहा अटल जी ने परमाणु परीक्षण करके देश की सीमाओं को सुरक्षित व मजबूती प्रदान की। उन्होने अन्त्योदय से समाज के अंतिम व्यक्ति तक के लिए कार्य किया व सुशासन के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए कार्य किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने राष्ट्र हित में राम जन्म भूमि, धारा 370, तीन तलाक जैसे दशको से लम्बित ज्वलंत मुद्दो का हल किया। उन्होंने कहा देश को विश्व का सिरमौर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जरुरत है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, लोकसभा काल सेंटर संयोजक विनीत क्वातरा, सह शक्ति केन्द्र प्रमुख हिमांशु भारद्वाज, बूथ अध्यक्ष कृष्ण लाल शर्मा, यशपाल शर्मा, पुष्पिन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र गाबा, डा० ब्रह्म शर्मा, प्रेम सिंह, सुलेन्द्र सिंह, रणधीर सैनी, पी शर्मा, कपिल कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

### गरीबों के मसीहा थे पूर्व प्रधानमंत्री : डॉ. गणेश दत्त

**लाडवा।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व सुशासन विभाग के प्रदेश सदस्य डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी गरीबों के मसीहा रहे हैं। उन्होनें अपने जीवन काल में व प्रधानमंत्री के रूप में देश के किसान मजदूर व गरीब के सामाजिक आर्थिक उत्थान को बढावा दिया। कार्यकताअरं ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वे शहर के वार्ड 9 में सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताअरं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि वाजपेयी जी प्रखर विद्वान कवि हृदय एवं अनुशासन के सिपाही थे। उन्होनें स्वयं सेवक के रूप में राष्ट्र की सेवा की और तीन बार देश की बागडोर सम्भाली। उन्होनें आह्वान किया कि हम सब को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए भाजपा को मजबूत बनाना है। इससे ही 2024 लोकसभा व विधानसभा के चुनावों में कमल खिलेगा और भारी बहुमत से तीसरी बार देश की बागडोर पीएम नरेन्द्र मोदी सम्भालेंगें प्रदेश में भाजपा की बागडोर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के हाथों में होगी। इस अवसर पर सतप्रकाश शर्मा, साधु सिंह, विपिन शर्मा, अनिल गुप्ता, राहुल सैनी, देवराज राजु, सचिन शर्मा, पार्थ, बृजमोहन, नरेन्द्र शर्मा, प्रवीण पांचाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डॉ. जसविंदर खैहरा को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो: हरिभूमि

### युवा खेलों में भाग लेकर रहें स्वस्थ : जसविंदर खैहरा

**कुरुक्षेत्र।** युवा देश का भविष्य है। युवा खेलों में भाग लेकर स्वस्थ रहते हुए प्रदेश और देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकते हैं। ये कहना है जजपा के युवा जिलाध्यक्ष एवं शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डॉ. जसविंदर खैहरा का है। वे गांव उदारसी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय भी लिया और उन्हें खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। यही वजह है की प्रदेश के खिलाड़ी बढ़ चढ़कर खेलों में हिस्सा भी ले रहे हैं और मेडल भी जीतकर ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला युवाओं की तरक्की, खुशहाली और विकास हेतु लगातार प्रयासरत हैं।

### मदद करने वाला ही सच्चा वालंटियर

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का आज भव्य समापन हुआ। प्रख्यात काउंसलर डॉ. सी. आर. ड्रोलिया मुख्य अतिथि के रूप में पधारे और उन्होंने सभी वालंटियर्स को एन.एस.एस. शिविर में सिखाई गई सभी एक्टिविटीज को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। शिविर का समापन पौधारोपण के साथ हुआ, मुख्य अतिथि डॉ. ड्रोलिया सहित गुरुकुल के निदेशक, प्राचार्य एवं शिविर संयोजक द्वारा एन.एस.एस. वालंटियर्स के सहयोग से गुरुकुल परिसर में नीम के पौधे रोपित किये गये। इस अवसर पर गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य आदि रहे।

## सफाई के लिए सौंपी 10 रिक्शा रेहड़ी

- वार्ड में विकास कार्यों को गति देना उनका मुख्य उद्देश्य : सुरेंद्र सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। सरपंचों को रिक्शा रेहड़ी सौंपते जिला पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र सैनी।

जिला परिषद के वार्ड नंबर 10 में सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरस्त करने के लिए जिला पार्षद कुसुम सैनी के प्रतिनिधि सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा ने वार्ड के 10 गांवों में सफाई व्यवस्था के लिए 12 रिक्शा रेहड़ी सरपंचों को सौंपी। जिला पार्षद के प्रतिनिधि सुरेंद्र सैनी भिवानी खेड़ा ने इस मौके पर सभी गांव के सरपंचों को रिक्शा रेहडियां सौंपते हुए कहा कि वे गांव की सफाई व्यवस्था के लिए इन रेहडियों का प्रयोग करें। जहां भी गंदगी नजर आए वहां से गंदगी को हटाने के लिए इन रिक्शा रेहडियो को प्रयोग में लाएं। उन्होंने कहा कि वार्ड नं 10 में विकास कार्यों को गति देना है ताकि सभी वर्गों को बराबर विकास कार्यों में हिस्सा मिल सके। इसी उद्देश्य को सामने रखते हुए उन्होंने 10 गांवों में सफाई व्यवस्था को अमलीजामा पहनाने के लिए रिक्शा रेहडियां दी हैं और भविष्य में जो गांव शेष बचे हैं उन गांवों में भी सफाई को चुस्त करने के लिए रिक्शा रेहडियां भी सरपंचों को सौंपी जाएंगी। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य वार्ड नंबर 10 को चमकाना है। अढोने के सरपंच संजीव कश्यप, भिवानीखेड़ा के सरपंच प्रवीण सैनी, अढोनी के सरपंच परमजीत सिंह, बिशनगढ़ के सरपंच अमित सैनी, सिंगपुरा के सरपंच महम सिंह, हंसाला के सरपंच गुरदीप सिंह आदि रहे।

**न्यूज डायरी**

### रेडक्रास के इतिहास के बारे में बताया



**थानेसर।** भारतीय रैडक्रास समिति द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम, कुरुक्षेत्र में सात दिवसीय अन्तर्राज्यीय जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अलग-अलग राज्यों बिहार, जम्मू कश्मीर, उड़ीसा, मेघालय, नागालैंड, मध्य प्रदेश व हरियाणा के फरीदाबाद, चरखी दादरी, पानीपत, फतेहाबाद से 126 जूनियर्स व 22 काउंसलर्स भाग ले रहे है। शिविर निदेशक रामाशीष मण्डल ने प्रातःकालीन सत्र में रैडक्रास के इतिहास के बारे में प्रतिभागियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन डॉ. पंकज गौड़ ने प्रतिभागियों को बताया कि शक्ति सम्पन्न राष्ट्र के निर्माण के लिये महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता है।

### गीता ओलंपियाड के विजेताओं को किया सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता ओलंपियाड का पुरस्कार वितरण समारोह इस्कॉन के ज्योतिसर स्थित श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. शिवम प्रोफेसर एनआईटी कुरुक्षेत्र रहे। पूरे देश से 200 छात्रों जिन्होंने गीता ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, को इस वर्कशॉप के लिए कुरुक्षेत्र के गीता जयंती महोत्सव में आमंत्रित किया गया था। इस 5 दिवसीय यात्रा के दौरान सभी छात्रों ने कुरुक्षेत्र के विभिन्न तीर्थ स्थलों का भ्रमण किया और गीता के श्लोकों का उच्चारण किया। गीता जन्मस्थली ज्योतिसर में गीता महात्म्य का पाठ और चर्चा की गई। सभी युवा इस गीता वर्कशॉप में भाग लेकर अत्यंत उत्साहित महसूस कर रहे थे।

### कब्ड्डी टूनार्मेंट करवाकर मनाया सुशासन दिवस



**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद मारकंडा के गांव धुराला में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर कबड्डी टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इसमे नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन के सरंक्षक व समाजसेवी सुभाष कलसाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की वही कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक रमेश शास्त्री ने की। कार्यक्रम आयोजकों के साथ मिलकर मुख्य अथिति सुभाष कलसाना ने अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा कबड्डी द्वारा रिबन काटकर कबड्डी टूनार्मेंट की शुरूआत की गई। सुभाष कलसाना ने कहा कि देश की राजनीति में अटल जी ने अमिट छाप छोड़ी।

### प्रजापति सभा ने मनाया 17वां स्थापना दिवस



**कुरुक्षेत्र।** प्रजापति जागरूक सभा की ओर सभा का 17वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रंबा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि मिट्टी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथिगणों का सभा की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की कार्यवाही रविंद्र सिंह महासचिव ने किया। इस अवसर पर चेयरमैन ईश्वर सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं चला रही है। इस अवसर पर सभा के प्रधान हरियाणा की कार्यकारिणी का विस्तान होना है क्योंकि वर्तमान सभा का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने अपने पद से इस्तीफा दिया और कार्यकारिणी भंग कर दी गई और सभी समाज ने रामकुमार रंबा को संयोजक बनाया गया।

### जरूरतमंद बच्चों में बांटे गर्म कपड़े



**लाडवा।** लाडवा के साईग्रेस इंटरनेशनल स्कूल द्वारा 19 दिसंबर से लेकर 24 दिसंबर तक जॉय ऑफ गिविंग वीक स्कूल में मनाया गया जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने पूरे हफ्ते खाने पीने से लेकर रोजमर्रा की चीज और गर्म कपड़े एकत्रित किए और 25 दिसंबर यानी कि आज क्रिसमस के पर्व पर अलग-अलग जगह पर जाकर जरूरतमंद बच्चों में बांटे। स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर कविता सिंगला ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करने से बच्चों के अंदर शेयरिंग इस केयरिंग की भावना आती है और भविष्य में जरूरतमंद लोगों की मदद करने की इच्छा जागरुक होती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार क्रिसमस पर सेंटा सभी बच्चों को गिफ्ट देकर उनके चेहरों पर खुशी लाने का काम करते है। उसी प्रकार आज साईग्रेस इंटरनेशनल स्कूल के सभी बच्चों द्वारा जरूरतमंद बच्चों एवं लोगो में तोहफे बांटकर उनके चेहरों पर खुशी लाने का काम किया। इस अवसर पर रजिता अरोरा, पल्लवी शर्मा, एकमजोत, रजनी शर्मा, प्रीति रानी, टीनू गुप्ता एवं स्टाफ के लोग मौजूद थे।

## वार्षिकोत्सव में अतिथियों का सम्मान

- वात्सल्य वाटिका में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया 19वां वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



वात्सल्य वाटिका ब्रह्मा कालोनी में 19वां वार्षिकोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां शारदा के चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। श्री राम इंटरनैशनल गुरुकुल ठोल के निदेशक विश्वजीत सांगवान और उनकी पत्नी सुमन सांगवान मुख्य अतिथि रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ नीरज मित्तल मित्तल लैब निदेशक एवं डॉ विवेक ललित होम्योपैथिक हस्पताल रहे। राज कुमार सैनी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएस हार्ट केयर अस्पताल के निदेशक डॉ पवन बंसल और उनकी पत्नी डॉ पलक बंसल ने की। आचार्य तिशू वर्मा ने स्वागत गीत प्रस्तुति किया। स्वामी हरिओम दास परिव्राजक और प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट प्रधान ओम प्रकाश मित्तल, उपप्रधान सुरेश कुमार, सचिव ओमप्रकाश गेरा, कोषाध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान खैराती लाल सिंगला, चेतराम शर्मा, राज विज, अनिल कुलश्रेष्ठ, यशपाल वधवा, बाबूराम मैहला, डॉ विजय दत्त शर्मा , राकेश मेहता, राजेंद्र कलेर, जितेंद्र, सतपाल, कृष्ण कुमार, सूरजमल सेठ, रमेश बंसल, भारतेंदु, शिवदत्त, अवतार सिंह, सुशीला, स्वाति गुप्ता, गौरव रोशा आदि रहे।

### साहिबजादों को नमन करने के लिए भारी तादाद में पहुंचेगी संगत

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के साहिबजादों की कुबार्नी अद्वितीय है। हर तरह के लालच को ठुकराते हुए साहिबजादों ने छोटी सी उम्र में न केवल निडरता का परिचय दिया, बल्कि धर्म व कौम के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया। वे ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में वीर बाल दिवस समागम की तैयारियों को लेकर कर्मचारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने बताया कि साहिबजादों की शहीदी को समर्पित वीर बाल दिवस में प्रदेश के सीएम मनोहर लाल शामिल होंगे।



लाडवा। तुलसी पूजन दिवस पर रंगारंग प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

### श्रंद्धा और उत्साह से मनाया तुलसी पूजन दिवस

**लाडवा।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। स्कूल की उपप्रधानाचार्या सोनू शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल परिसर में तुलसी पूजन दिवस उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से बहुत धूमधाम से मनाया गया। शुभारम्भ प्रबन्धक समिति की प्रधान रंजना गोयल, महासचिव संजीव अग्रवाल, निदेशक सारिका अग्रवाल, प्रधानाचार्या रीतू सिंगला व विभिन्न गांवों के सरपंचों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों द्वारा गणेश वंदना व गुरबाणी प्रस्तुत कर भगवान की स्तुति की गई वहीं बच्चों ने वेलकम डांस पेश करके सबका स्वागत किया। मोबाइल के बढ़ते हुए प्रयोग और शिक्षा के बोझ पर आधारित बच्चों द्वारा व नई शिक्षा नीति पर शिक्षक वर्ग द्वारा नुक्कड़ नाटक ने दर्शकों को एक बेहतरीन संदेश दिया। तुलसी पूजन व सांता डांस की प्रस्तुति ने तुलसी पूजन दिवस व क्रिसमस का माहौल बना दिया। बच्चों की भांगड़ा व गिद्धा की प्रस्तुति ने पंजाब की झलक प्रस्तुत की वहीं लुंगी पहने हुए बच्चों ने टॉलीवुड डांस की प्रस्तुति से दक्षिण भारत की झांकी दिखाई। प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने कहा कि उड़ान के माध्यम से स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### एमबीबीएस स्टूडेंटस की हुई फ्रेशर पार्टी


**शाहबाद।** आदेश मेडिकल कॉलेज मोहड़ी में अंडर ग्रेजुएट एमबीबीएस के बैच 2023 के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। मेडिकल के 2022 के एमबीबीएस स्टूडेंटस ने नये विद्यार्थियों का स्वागत गर्म जोशी से किया और उन्हें अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दीं। नये बैच के विद्यार्थियों ने मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य और संगीत का लाजवाब मंचन रहा और हिन्दी व पंजाबी शायरी से माहौल को शायराना बना दिया। अलग-अलग प्रदेशों से आए विद्यार्थियों ने विभिन्नता में एकता की शानदार मिसाल प्रस्तुत की। रैंप वॉक ने खूब समय बांधा। रैंप वॉक के आधार पर हिमांशी और श्रेयस किशोर को मिस एंड मिस्टर बैच 2023 का ताज पहनाया गया।

## बदला मौसम का मिजाज: ठंड के सितम से अलाव पर बैठे रहे लोग

# आसमान में छाई धुंध, ठंड ने छुड़ाई कंपकंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

### सड़कों पर छाया कोहरा, अस्पतालों में बढ़े मरीज



*ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ ही अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सर्दी-जुकाम जैसी छोटी मोटी बीमारियों को लेकर मरीजों की भीड़ अस्पतालों में लग रही है। जिला अस्पताल समेत शहर के निजी अस्पतालों व क्लीनिक में सुबह से ही मरीजों की भीड़ लगनी शुरू हो जाती है। इनमें ज्यादा संख्या छोटे बच्चों और शिशुवती-महिलाओं की रहती हैं। कोरोना काल में सर्दी-खांसी होने पर लोग डर रहे हैं। हालांकि, ज्यादातर लोगों में मौसम परिवर्तन होने के कारण सामान्य सर्दी-जुकाम की शिकायत है। मौसम का विपरीत असर होने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। अस्पताल में ज्यादातर मरीज सर्दी-खांसी से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में शहर समेत आस-पास के गांव से बड़ी संख्या में मरीज अपना इलाज कराने पहुंच रहे हैं।*

सोमवार को मौसम सुबह से ही खराब हो गया। अलसुबह ही आसमान में धुंध छा गई। ठंडी हवाएं चलने के कारण मौसम सर्द बना रहा। दिन भर जारी रही शीत लहर से ठिठुरन बढ़ने लगी है। शीत लहर के कारण दो पहिया वाहन चालकों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। सोमवार को कोहरे और शीतलहर ने हाड़ कंपा दिए। ठंड इतनी बढ़ गई कि हाथ-पांव कमरों के भीतर भी सुन्न रहे। न्यूनतम तापमान 7 डिग्री और अधिकतम 22 डिग्री सेल्सियस रहा। कड़ाके की सर्दी के कारण सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त रहा। सुबह और शाम को सैर करने वालों की संख्या में भारी गिरावट आई है। पार्क एवं बगीचे इन दिनों सूने नजर आ रहे हैं। सर्दी से बचाव के लिए अलाव ही सहारा बने हुए हैं। हालांकि दोपहर लगभग 1 बजे धूप तो निकली लेकिन मौसम में ठंडक कम नहीं हो पाई। सुबह से ही चली शीत लहर ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। दोपहर को सूर्यदेव के दर्शनों के बाद लोगों को कुछ राहत मिली, लेकिन दिन भर तेज शीतलहर चलती रही। शीतलहरों की वजह से लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए नजर आए। ठंड के चलते लोग दिन भर धूप में बैठे गर्माइश लेते रहे और कई जगह लोग आग जलाकर उसके आसपास बैठे हुए नजर आए। लोग ठंड से बचने के लिए सूर्यदेव से निकलने वाली किरणों की तपिश में बैठे रहे। वहीं मगर तब तक ही लोगों को राहत मिल रही है जब तक वे सूर्य की किरणों के संपर्क में रहते हैं।

## भाजपाइयों ने किया रक्तदान, सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाई

# सुशासन दिवस पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन





नारायागढ़। पूर्व पीएम स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को सुशासन दिवस पर श्रद्धांजलि देते भाजपा नेता व कार्यकर्ता तथा सुशासन दिवस पर वार्ड वासियों के साथ झाड़ू लगाते भाजपा नेता सुंदर ढींगरा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भारतीय जनता पार्टी द्वारा तेलूराम मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से सोमवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस पर सैनी धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमन सैनी थी। रक्तदान शिविर में अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल के ब्लड सेंटर की टीम द्वारा डॉ. प्रवीण कुमार की देखरेख में 109 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर सुमन सैनी तथा जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडी ने रक्तदाताओं को बेज लगाकर व प्रमाण पत्र देखकर उनका उत्साहवर्धन किया। सैनी ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी महामना पंडित मदन मोहन मालवीय तथा स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते कहा कि सरकार पंडित मदन मोहन मालवीय और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को सुशासन दिवस के रूप में साकार कर रही है। सरकार की योजनाएं आज प्रत्येक वर्ग के लिए कल्याणकारी साबित हो रही हैं।

### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी राजनीति में अजातशत्रु थे

- सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

अंबाला। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में वार्ड नंबर 8 में बूथ नंबर 150 में सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सबसे पहले अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया गया। सुंदर ढींगरा ने यहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति में अजातशत्रु थे। विपक्षी भी उनकी कार्यशैली के कायल थे। ढींगरा ने कहा कि अटल ने नस्विार्थ भाव से देश व समाज की सेवा की और भाजपा की स्थापना के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी। एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में वश्वि को उभरते भारत की शक्ति का एहसास करवाया तो वहीं दूसरी ओर देश में सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया। उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि वाजपेयी के आदर्शों को हमें अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए। वार्ड नंबर 8 में भाजपा नेता सुंदर ढींगरा ने दीपक शर्मा, अशोक शर्मा, मास्टर रामचंद्र साहनी, गगन कोहली, लेखराज मोंगा, हैप्पी अरोड़ा, नरेश सपरा, हितेश अरोड़ा, डॉ. वेद प्रकाश, सुभाष बजाज, घनश्याम आनंद, इंद्रजीत सिंह साहनी, मनी सहगल आदि मौजूद रहे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मंडल प्रधान रणदीप सिंह बांका सैनी, शहजादपुर मंडल प्रधान संजीव गुर्जर, मारकंडा मंडल प्रधान जसवद्रिं सिंह बख्तुआ, नंबरदार सुरेश पाल, डीएनटी बोर्ड के सदस्य अशोक पाल, नप चेयरपर्सन प्रधान रिंकी वालिया, जगपाल सैनी, संदीप अंबली, पूर्व प्रधान जगदीप कौर, प्रभारी प्रीतपाल कौर मक्कड़, मंजू कौशिक, अश्विनी अग्रवाल, मंगूराम कंजाला, नरेंद्र राणा कुराली, पूर्व चेयरमैन अमित वालिया, महामंत्री श्रवण सैनी भरेडी, नीटू खानपुर, कुलदीप सिंह दप्पिी, गुरनाम सिंह गुर्जर, वक्रिम राणा, सतीश धीमान खुड्डा खुर्द, बोबी धीमान, करनैल सलौला, युवा महामंत्री अनीश कुमार नगला, छज्जूदीन, बीरू राम, लक्की गोंदी, जिया लाल सैनी, संजीव सैनी, बंगाली राम डेरा, पार्षद रानी धीमान, प्रदीप गोयल, जश्न ढींगरा, शिंपी गेरा, राजेश धीमान, तरूण नामदेव, कुलदीप सिंह भी मौजूद रहे।



बराड़ा। महाराजा सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते समाज के लोग।

### सूरजमल व साहिबजादों को दो मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

बराड़ा। सोमवार को महाराजा सूरजमल व श्री गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों व माता गुजरी और उनके पूरे परिवार व सूरजमल के 260 वें बलिदान दिवस पर 2 मिनट का मौन व्रत रखा गया। इसके साथ ही गांव होली चौक और दहिया माजरा चौक पर हिंदू सम्राट महाराजा सूरजमल की बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद जाट समाज की बैठक बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी राजकुमार सांगवान ने की। मंच संचालन साहब सिंह ने किया।

## विश्व में बढ़ रही मोदी की लोकप्रियता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। सुशासन दिवस पर विकलांगों को ट्राई साइकिल उपलब्ध करवाती मेयर व प्रशासनिक अधिकारी।

- मेयर शक्ति रानी शर्मा ने की तारीफ

सुशासन दिवस के अवसर पर सोमवार को जिले में कई कार्यक्रम आयोजित हुए। अंबाला शहर के पंचायत भवन के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मेयर शक्ति रानी शर्मा व उपायुक्त डॉ. शालीन, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम लक्षित सरीन, नगराधीश वश्विजीत सिंह व डीएसपी रमेश कुमार मौजूद रहें। इससे पहले पंचकूला से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सुशासन दिवस के मौके पर जन सहायक ऐप, मेरा परिवार मेरी सरकार ऐप, मुख्यमंत्री राहत कोष में दान के लिए पोर्टल व कोमन कैडर के ग्रूप-डी कर्मचारियों के ट्रांसफर ड्राइव के लिए पोर्टल का लोकापर्ण किया। पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में पहुंचने पर मेयर व उपायुक्त का एडीसी व नगराधीश ने पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संदेश देते कहा कि 25 दिसंबर का दिन यानि सुशासन दिवस का बहुत बड़ा महत्व है। इस दिन को बहुत वर्षों से या यह कहा जाए कि सदियों से इस दिन को किसी न किसी रूप में मनाने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता पूरे विश्व में बढ़ रही है।

## विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मचाया धमाल

- पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में माध्यमिक विंग के वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। समारोह में रंगारंग प्रस्तुतियां देते छात्र। फोटो : हरिभूमि

शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में माध्यमिक विंग का वार्षिकोत्सव निराले अंदाज में आयोजित किया गया। आकर्षक ढंग से सजे स्वागोत्सुक वद्यिालय ने अपनी परंपरा को निभाते सर्वप्रथम आमंत्रितों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। ई-लाइटनिंग और डीएवी गान की ध्वनि के साथ उत्सव की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. तनु गुप्ता ने उपस्थित जन समूह को संबोधित किया गया और बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की प्रशंसा की गई। स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने वद्यिालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विगत वर्ष में वद्यिालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी । उन्होंने छात्रों की अभव्यिक्ति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने संचार कौशल पर बहुत ही अच्छे ढंग से प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया है बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी कार्यक्रम नृत्य, गीत, संगीत नाटक सभी सामाजिक प्रवेश को छूने वाले विषय थे।

### सफ़ाई कर्मियों को नियमित करे सरकार

- मुलाना से कांग्रेस विधायक वरूण ने उठाई मांग

बराड़ा। मुलाना से कांग्रेस विधायक वरूण चौधरी ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए सफाई कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सफाई कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने का सरकार के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सफाई कर्मियों के ईएसआई/पीएफ कार्ड जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश सरकार ने सफाई कर्मियों का मानदेय 14000 प्रति माह से बढ़ाकर 15000 रुपये करने की घोषणा की है।

### सिख पंथ को गर्व दे गए साहिबजादे

अंबाला। सर्बनसदानी दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह के बड़े साहिबजादों के शहीदी दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए इनैलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने बताया कि आनंदपुर साहिब का किला छोड़ने के पश्चात सरसा नदी के तट पर श्री गुरु गोविंद सिंह जी अपने कई सिखों और परिवार से जुदा हो गए। सर्फि 40 सिखों और बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंहजी और बाबा जूझार सिंह के साथ गुरुजी चमकौर साहिब की ओर चल दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालिय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## प्रभू यीशू ने दिया मानव जाति को खुश रहने और सेवा का संदेश



अंबाला। गृहमंत्री अनिल विज को शॉल देकर सम्मानित करते सीएनआई चर्च के पदाधिकारी।

- गृहमंत्री अनिल विज को क्रिसमस के मौके पर सीएनआई चर्च की ओर से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रभु यीशू मसीह ने धरती पर अवतरित होकर मानव जाति को खुश रखने व सेवा का संदेश दिया विज सोमवार को क्रिसमस के पावन अवसर पर सदर बाजार स्थित सीएनआई चर्च और सुंदर नगर स्थित चर्च में आयोजित कार्यक्रमों के उपरांत श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने श्रद्धालुओं को क्रिसमस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यीशू मसीह के जन्मदिन का पवत्रि दिन है। यह खुशियां मनाने और बांटने का, उपहार लेने और देने का, एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां मनाने का दिन है। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा मनुष्य सेवा के लिए हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि समूचे वश्वि में अनेकों प्रकल्प चलाए जाते हैं। जरूरतमंदों की सहायता की जाती है। जब तक सभी खुश नहीं होंगे तब तक असली आनंद का आभास लिया नहीं जा सकता। खुश रहने व ईश्वर की सेवा करने का सबसे बढ़िया तरीका है। ईश्वर के भेजे हुए लोगों में हम खूशियां बांटे। इससे पहले चर्च प्रबंधन कमेटी की ओर से गृहमंत्री को शॉल पहनाकर सम्मानित भी किया गया। भाजपा नेता प्रमोद लक्की मौजूद रहे।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# पाठक पुरस्कार योजना-2023

नाम.............................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी.............................................
पता.............................................................तहसील ......................पिन.........................
जिला ............................ फोन नं. ............................ एजेंट का नाम ...............................

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |

**नियम व शर्तें** ● हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के तहत 01 जून 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक प्रकाशित कुल 24 कूपनों में से कोई 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) इस प्रपत्र में निर्धारित स्थान पर चिपकाएं (क्रम संख्या अनिवार्य नहीं है)। किसी एक दिनांक के दो कूपन प्रपत्र में नहीं चिपकाएं जा सकते। पूर्ण रुप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीकी हरिभूमि कार्यालय में या मुख्य कार्यालय में स्वयं अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवायें। ● किसी भी कूपन और प्रपत्र की छाया प्रति स्वीकार नहीं की जाएगी। ● प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 होगी। अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार्य नहीं होगें। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जाएगा। ड्रॉ निकालने की तिथि 15 फरवरी 2024 होगी। विजेताओं की सूची 01 मार्च 2024 के बाद समाचार पत्र में प्रकाशित की जाएगी। ● प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ● सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपने फोटो पहचान पत्र की फोटोप्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करानी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें। ● किसी भी वास्तविक पुरस्कार की बनावट एवं संख्या विज्ञान में दिखाए गए चित्र व संख्या से भिन्न हो सकती है। उत्पाद गारंटी निर्माता कपंनी की शर्त अनुसार होगी। ● राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ● हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ● हरिभूमि कर्मचारी, एर्जेट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

हरिभूमि कार्यालय - नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9253681010, 9253681005, 8053228299, 9253681019-20